

02

राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए जींद की लड़कियों की टीम चयनित

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

बच्चों के समग्र विकास में मां की अहम भूमिका: पूनम



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 10 मई 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2080, अमांत-बैशाख, कृष्ण पक्ष पंचमी, मूल्य, 2.00 रुपए

# चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड गेन्स एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया विषय पर हुआ सम्मेलन

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय के अर्थशास्त्र, प्रबंध और वाणिज्य विभागों द्वारा दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 9-10 मई 2023 को अग्रवाल महाविद्यालय में चेंजिंग सिनेरियो आफ इंटरनेशनल ट्रेड गेन्स एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया विषय पर किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएसएसआर) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित था। उद्घाटन समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि की भूमिका प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस न्यू दिल्ली ने निभाई। समारोह में अध्यक्ष के रूप में अग्रवाल महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर ज्योति राणा विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल रही। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के महत्व को



सम्मेलन में बुकलेट लॉन्च करते हुए। आज समाज

बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने बाहर से आए हुए विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार के बदलते हुए स्वरूप के बारे में चर्चा की और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के फलस्वरूप होने वाले विभिन्न फायदे व चुनौतियों के बारे में भी बताया। सम्मेलन में प्रथम दिन कुल 4 तकनीकी सत्र रहे। जिसमें द्वितीय सत्र में अध्यक्ष के रूप में डॉ. लक्ष्मी गुप्ता, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल रही। इस सत्र में आमंत्रित वार्ता डॉ. मीनाक्षी गुजराल, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम जिनकी वार्ता का विषय था रिवॉल्यूशनाइजिगं ग्लोबल ट्रेड टेक्नोलॉजी एंड इन्नोवेशन रहा। सम्मेलन के तृतीय सत्र के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी रहे तथा आमंत्रित वार्ता के रूप में भूमिका डॉ. अमित शर्मा, गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी, द्वारका न्यू दिल्ली ने निभाई। जिनका विषय था ट्रेड इशू ऑफ इंडिया चैलेंज फॉर एक्सपोर्टर्स । इस सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. सत्यबीर सिंह, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल द्वारा दी गई। जिनका विषय था एक्सपोर्ट प्रमोशनस इंपैक्ट ऑन एक्सपोर्ट एक केस स्टडी ऑफ इंडिया। चौथे सत्र के अध्यक्ष डॉ. सत्यबीर सिंह रहे। इस सत्र में डॉ. सपना बंसल, बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी, रोहतक द्वारा आमंत्रित वार्ता दी गई। जिनका विषय था चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेडः गेन्स एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया। इसी सत्र में दूसरी आमंत्रित वार्ता डॉ. पारूल खन्ना, आईएमटी ,फरीदाबाद द्वारा दी गई । जिनका विषय था एन ओवरव्यू ऑफ चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड गेन्स एंड अपॉर्चुनिटी फॉर इंडिया। इस सम्मेलन में संयोजक की भूमिका में डॉ. मनोज शुक्ला रहे तथा सह संयोजक डॉ. उषा चौधरी रहीं तथा आयोजन सचिव की भूमिका डॉ. शिल्पा गोयल ने निभाई।